हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 बाहरी दीपों के साथ अंतर्मन में भी जलाएं ज्ञान का दीप...



07 चल समारोह को लेकर कुर्मी क्षत्रिय संगठन में मतभेद...



खबर संक्षेप

वन विभाग ने किया नेवले का रेस्क्यू



विदिशा। सोशल मीडिया पर नेवले को बांधकर रखने का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया। वीडियो में बक्सरिया निवासी बंटी कुशवाह नेवले को बांधकर रखे दिखाई दे रहे थे। जानकारी मिलने पर वनमंडल अधिकारी ने उड़नदस्ता दल और वन विभाग की टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए। युवक की पहचान बंटी कुशवाह के रूप में हुई। युवक ने बताया कि नेवला उसे बेहोशी की हालत में मिला था, इसलिए सुरक्षा के लिए उसने अपने पास रखा था। वन विभाग की टीम ने नेवले को सुरक्षित मुक्त कर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया। विभाग ने लोगों से वन्यप्राणी मिलने पर स्वयं रखने के बजाय वन अमले को सूचना देने की अपील की है।

आईजा प्रदेश उपाध्यक्ष बने शोभित जैन

विदिशा। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) ने विदिशा के शोभित जैन को मध्यप्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक हार्दिक हुंडिया की सहमति से यह नियुक्ति की है। उनका कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 से 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। संगठन ने इस बार युवाओं को प्राथमिकता देते हुए कई नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी है। शोभित जैन ने नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन और प्रदेश महासचिव उमेश जैन सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया। नियुक्ति पर जैन समाज और पत्रकारों ने बधाई दी।



5 तक विदिशा पहुंचेगा हलाली बांध का पानी

विदिशा। हलाली बांध के पांच गेट से 150 क्यूसेक पानी नहरों में छोड़ा गया। करीब पांच दिन में यह पानी विदिशा के बेतवा फिल्टर प्लांट कालिदास बांध तक पहुंचेगा। परियोजना के प्रभारी अधिकारी बीके बहुलिया के अनुसार पानी छोड़ने के बाद नहरों की निगरानी की जाएगी और रिसाव मिलने पर सुधार किया जाएगा। किसानों द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक पानी लेने पर देरी हो सकती है। हलाली परियोजना से विदिशा और रायसेन जिले के 50 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई होती है। विदिशा नगर में पेयजल के लिए पानी की जरूरत थी। अब पानी पहुंचने से जलभराव की उम्मीद है।

मप्र के 70वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

किसानों को ट्रैक्टर, बुलेट और स्कूटी मिली मेधावी छात्र को मिला 1 लाख का पुरस्कार

विधायक ने किया ध्वजारोहण, मीसाबंदियों का सम्मान कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। ट्रैक्टर जीतने वाले किसान को चाबी सौंपते हुए जनप्रतिनिधि।

प्रसन्न सिंह को ट्रैक्टर, सूर्यभानु रघुवंशी को बुलेट बाइक और महेंद्र मीणा को इलेक्ट्रिक स्कूटी मिली।

किसानों को मिले ट्रैक्टर, बुलेट और स्कूटी

स्थापना दिवस समारोह में संस्कृति एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेता किसानों को पुरस्कृत किया गया। विधायक मुकेश टंडन ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रसन्न सिंह को ट्रैक्टर, द्वितीय स्थान पर रहे सूर्यभानु रघुवंशी को बुलेट मोटरसाइकिल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महेंद्र मीणा को इलेक्ट्रिक स्कूटी की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। तीनों विजेताओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। प्रतियोगिता का उद्देश्य किसानों का ज्ञानवर्धन करने के साथ कृषि और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस रविवार को विदिशा में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने भी ध्वज को सलामी दी। विधायक ने संदेश वाचन के माध्यम से जिले की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। समारोह में देशभक्ति और प्रदेश की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने 'प्यारो मध्यप्रदेश, मारो न्यारो मध्यप्रदेश' गीत प्रस्तुत किया। पीएमश्री एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने 'आयो रे शुभ दिन' गीत पर प्रस्तुति दी, जबकि मानसरोवर अकादमी के विद्यार्थियों ने बधाई नृत्य से समां बांधा। ओलंपस हाईस्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से भारत की उपलब्धियों को दर्शाया।

गौरव को मिला एक लाख का पुरस्कार

भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत कुरवाई के संदीपनी स्कूल के विद्यार्थी गौरव अहिरवार को एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। 23 अक्टूबर को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से उनका चयन हुआ था। समारोह में विधायक ने गौरव को एक लाख रुपए का चेक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यह छात्रवृत्ति संस्कृति विभाग के स्वराज संस्थान संचालनालय के अंतर्गत श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा आयोजित की गई थी।

मीसाबंदियों और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

समारोह में विधायक टंडन ने मीसाबंदियों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से हितलाभ भी वितरित किए गए। स्थापना दिवस पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों के साथ कृषि और उद्योग विभाग की योजनाओं से संबंधित उत्पाद प्रदर्शित किए गए। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद रहे।

25 दिन तक डिजिटल अरेस्ट

69 लाख रु. ठगने के बाद खाते पर बैंक द्वारा लगा होल्ड हटवाने ठगों ने ही प्रदीप कपाड़े को भेजा था थाने



खुलासा होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कपाड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नकली सीबीआई अफसर बनकर रिटायर्ड बिजलीकर्मी दंपती को 25 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में नई बात सामने आई है। रिटायर्ड कर्मचारी प्रदीप कपाड़े से 69 लाख रुपए ठगने के बाद बैंक ने उनके खाते पर होल्ड लगा दिया था, लेकिन ठग और पैसे की डिमांड कर रहे थे। कपाड़े ने जब ठगों से कहा की उनकी बैंक खाते में होल्ड लग चुका तो ठगों ने ही उन्हे सलाह दी थी की, खाते से होल्ड हटवाने थाने में आवेदन देने जाएं। दरअसल प्रदीप कपाड़े के द्वारा लगातार राशि ट्रांसफर और एफडी तुड़वाने से बैंक कर्मचारी को शक हुआ तो उन्होंने होल्ड लगा दिया था।

जब कपाड़े थाने में आवेदन देने पहुंचे तब पुलिस को भी शक हुआ की पैसा कहां ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। तब पुलिस ने प्रदीप कपाड़े से पूछताछ की, लेकिन वह कुछ बताने तैयार नहीं थे। और कहा की बेटे को प्लाट खरीदना है। पुलिस ने उनसे मोबाइल लिया और बेटे का नंबर लेकर उससे बात की। श्री कपाड़े के बेटे ने कहा की उसे कोई प्लाट नहीं खरीदना और पिताजी से मुझे कोई पैसे नहीं चाहिए।

तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। एसपी रोहित काशवानी के अनुसार ठगों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने चार टीमें बनाई हैं। जिन्हे राज्य के बाहर भेजा गया है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

समझाने में लगे ढ़ाई घंटे, तब बताई पूरी बात

सिविल लाइन टीआई राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि उन्हे करीब ढ़ाई घंटे लगे तब जाकर कहीं दंपती ने पूरी बात पुलिस को बताई। दंपती के खाते में करीब 30 लाख रुपए रिकवर कर लिए हैं। दंपती को करीब 25 दिन तक डिजीटल अरेस्ट रखा गया। 5 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक उनके खाते से करीब 8 से 10 खातों में 69 लाख रुपए डलवाए गए। इसके बाद उस पैसे को 800 खातों में ट्रांसफर किया गया है।

ग्यारसपुर में जुआ खेलते 6 आरोपी पुलिस ने दबोचे

4400 रुपए नकद, चार मोबाइल व बाइक बरामद

ग्यारसपुर। पुलिस ने जुआ खेलते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 4400 रुपए नकद, ताश के 52 पत्ते, चार मोबाइल फोन और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित कुल 1 लाख 14 हजार 400 रुपए का मशरूका जब्त किया है।पुलिस के अनुसार, संध्याकालीन गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम ऊहर कोटरा में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर



घेराबंदी की और छह आरोपियों को पकड़ लिया।आरोपियों के खिलाफ थाना ग्यारसपुर में अपराध क्रमांक 217/2026 के तहत जुआ एक्ट की धारा 13 एवं बीएनएस की धारा 112(2) में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. कुरवाई। पुलिस ने भौरासा घाटी के पास 620 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 6 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भौरासा घाटी के नीचे प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर खड़ा है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कमल सिंह दांगी (47), निवासी ग्राम दादुगर को पकड़ा। तलाशी में उसके पास रखे प्लास्टिक के थैले से 620 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराने वालों से सावधान रहने दी समझाइश, संदिग्ध लेनदेन की सूचना पुलिस को देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। पुलिस अधिकारियों ने वरिष्ठ नागिरकों के साथ की बैठक।

साइबर अपराधों और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए विदिशा पुलिस ने जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया।

जिला मुख्यालय से लेकर थाना स्तर तक बैंक अधिकारियों, कियोस्क एवं एमपी ऑनलाइन संचालकों और वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। इनमें साइबर ठगी के नए तरीकों की जानकारी देकर बचाव के उपाय बताए गए। एसपी रोहित काशवानी की मौजूदगी में कोतवाली परिसर में बैंक मैनेजरों और वरिष्ठ नागरिकों की बैठक हुई। इसमें डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर धमकाने और वीडियो कॉल के जरिए ठगी करने के तरीकों से अवगत कराया गया। एसपी ने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। कोई व्यक्ति कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर पैसे मांगे तो उस पर भरोसा न करें और न ही ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करें। कुरवाई, लटेरी, हैदरगढ़, करारिया, पठारी और मुरवास सहित अन्य थाना क्षेत्रों में भी बैंकिंग सुरक्षा को लेकर बैठकें हुईं। बैंक अधिकारियों को संदिग्ध लेन-देन और असामान्य ट्रांजैक्शन की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनर्स और अकेले रहने वाले बुजुर्गों के खातों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। वहीं नटेरन के खड़ेर स्थित शासकीय स्कूल और बैंक शाखाओं में शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को फर्जी लिंक, यूपीआई और सोशल मीडिया से होने वाली ठगी के प्रति जागरूक किया गया।

हर निकाय में स्ट्रीट वेंडर्स समिति का गठन अनिवार्य : कानूनगो

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने शनिवार को बाल विहार के पास स्थित सब्जी मंडी परिसर में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों, स्ट्रीट वेंडर्स और हॉकरों से संवाद किया। उन्होंने छोटे कारोबारियों से उनके व्यवसाय, आजीविका और सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभों की जानकारी लेकर कामकाज में आ रही समस्याएं भी जानीं। कानूनगो ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का उद्देश्य सड़क किनारे ठेले और छोटी दुकानें लगाकर आजीविका चलाने वाले लोगों को आर्थिक सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाना और उनके कारोबार को आगे बढ़ाना है। स्ट्रीट वेंडर्स की आजीविका का संरक्षण जरूरी है। त्योहारों और विशेष अवसरों पर उनका व्यवसाय प्रभावित न हो, इसके लिए निर्धारित नियमों के तहत उन्हें सम्मानजनक माहौल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने नगरीय निकायों में स्ट्रीट वेंडर्स समितियों के गठन पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक नगरीय निकाय में समिति का गठन अनिवार्य रूप से किया जाए। स्ट्रीट वेंडर्स के प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया जाए, ताकि वे अपनी समस्याएं और जरूरतें सीधे समिति के सामने रख सकें तथा उनके समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा: कार्यक्रम में कानूनगो ने हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर योजना के लाभ, व्यवसाय संचालन और कार्यस्थल पर आने वाली कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, लीड बैंक अधिकारी बीएस बघेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स मौजूद रहे।

12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत करारिया चौराह पुलिस ने एक आरोपी को 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1.20 लाख रुपए बताई गई है।

1 नवंबर की रात गश्त के दौरान ग्राम बमुरिया प्रतीक्षालय के पास करारिया-अंबानगर रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान रोहित बघेल (33), निवासी ग्राम अरबरिया बेरखेड़ी के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश और अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सीमा राय की टीम ने की।



विदिशा। ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार।

सुरक्षित बचपन अभियान: उड़ान कार्यशाला में दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बच्चों के सुरक्षित भविष्य और उनके अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से रविवार को सुरक्षित बचपन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया गया।

मप्र उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष ने ऑनलाइन माध्यम से अभियान की शुरुआत की। इसके बाद प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख सलीम के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर के सभागार में 'उड़ान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरईपुरा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस उद्दीन अब्बासी ने बताया कि अभियान का पहला चरण 1 से 6 नवंबर तक जिले में चलाया जाएगा। कार्यशाला में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, पॉक्सो एक्ट



और किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी गई। सुरजीत सिंह सिकरवार और अनिमेष तिवारी ने बच्चों को कानूनी संरक्षण के प्रावधान समझाए। वहीं राजीव चतुर्वेदी और विनोद कुशवाह ने ऑनलाइन सुरक्षा, सेक्सटॉर्जन और साइबर उत्पीड़न से बचाव के तरीके बताए।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए बाल विवाह, बाल श्रम की रोकथाम और शिक्षा के अधिकार का संदेश दिया।

1000 विद्यार्थियों की 28 प्रस्तुतियों से सजा 'यात्रा 2026' का मंच

ओलंपस हाई स्कूल का 14वां वार्षिक उत्सव भव्यता से संपन्न भारतीय संस्कृति, प्रकृति और राष्ट्रभक्ति के रंगों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ओलंपस हाई स्कूल का 14वां वार्षिक उत्सव 'यात्रा 2026' उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में विद्यालय के करीब 1000 विद्यार्थियों ने 28 सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। एक माह की मेहनत और अभ्यास के बाद मंच पर उतरी प्रस्तुतियों ने अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में काली नृत्य, रामायण, कृष्ण भक्ति गीत, अवतार नृत्य, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी



विदिशा। बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां।

प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। विद्यार्थियों के अनुशासन, आत्मविश्वास और कला कौशल की दर्शकों ने सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रियंका सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुआ। अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सचिव एवं कमिश्नर-कम-डायरेक्टर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अभिभावकों से बच्चों की आपस में तुलना नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चा अपनी अलग प्रतिभा और क्षमता रखता है। अभिभावकों को बच्चों का उत्साह बढ़ाना चाहिए, ताकि उनमें हीनभावना विकसित न हो। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संस्थापक यशपाल सिंह रघुवंशी, संचालक मोहित रघुवंशी एवं सीईओ नलिनी चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया।

खबर संक्षेप

नगर में रहेगी डायवर्सन व्यवस्था लागू

गंजबासौदा। दीपावली एवं आगामी त्योहारों के दौरान शहर में त्योहारी बाजार के चलते ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। साथ ही कृषि उपज के क्रय-विक्रय के लिए आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और भारी वाहनों के आवागमन और आवागमन के दौरान साइड मे खड़े करके चले जाने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और आमजन को आने जाने मे दिक्क़त का सामना करना पड़ता है। इस कारण शहर में ट्रैक्टर ट्राली और भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया गया है एवं डायवर्ट मार्ग बनाया गया है। भावसार पुलिया से जस्तम्भ और सिंधी तिराहा के बीच, रेलवे स्टेशन, जय स्तम्भ, शीतला माता मंदिर,सावरकर चौक और सिरोंज तिराहा के बीच संकरे मार्ग होने पर यातायात बाधित होने एवं जाम की स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है। आम नागरिकों की सुविधा तथा सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 1 नवंबर को सुबह 9 बजे से 21 नवंबर को रात्रि 10:30 बजे तक शहर में यातायात डायवर्सन व्यवस्था लागू रहेगी। विदिशा से गुलाबगंज होते हुए त्योंदा आने जाने वाले वाहन कर्मादेवी तिराहा, सिंधी कॉलोनी तिराहा, बेतौली फाटक होते हुए त्योंदा की ओर जाएंगे। विदिशा से गुलाबगंज होते हुए सिरोंज जाने वाले वाहन कर्मादेवी तिराहा, राजेंद्र नगर चौराहा, देहात थाना, सिरोंज तिराहा, तिरंगा चौराहा, अंबानगर होते हुए सिरोंज जाएंगे। उदयपुर से सिरोंज आने जाने वाले वाहन हतोड़ा तिराहा, गंज तिराहा, अंबानगर होते हुए सिरोंज जाएंगे। वहीं त्योंदा से उदयपुर की ओर आने जाने वाले वाहन सिंधी कॉलोनी, कर्मादेवी चौराहा, गंज बायपास मार्ग से जाएंगे। यातायात पुलिस द्वारा नगरवासियों , किसानों से अपील की गई है कि त्योहारी बाजार के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने एवं जाम की स्थिति से बचने के लिए निर्धारित डायवर्ट मार्गों का ही उपयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें तथा सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

सीजन के पहले घने कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार की सुबह नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सीजन का पहला घना कोहरा छाने से जनजीवन प्रभावित नजर आया। सुबह होते ही चारों ओर धुंध की सफेद चादर छा गई। कोहरे की सघनता इतनी अधिक थी कि कुछ दूरी पर स्थित वाहन, मकान और सड़क किनारे की वस्तुएं भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। सुबह के समय सड़कों पर दृश्यता काफी कम होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते वाहन चालकों को दिन में भी वाहनों की हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा। सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ी। कई स्थानों पर सामने से आने वाले वाहन भी कोहरे के कारण देर से दिखाई दे रहे थे। सीजन के पहले घने कोहरे ने मौसम में बदलाव का एहसास करा दिया है। सुबह की धुंध और ठंड के बढ़ते असर के चलते लोग गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं। सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों को भी कोहरे के कारण परेशानी हुई। मौसम के इस बदले



मिजाज के बीच लोगों को अब ठंड का असर बढ़ने की संभावना महसूस होने लगी है।

पुलिया के पास रहवासियों द्वारा कचरा फेंकने से फैल रही गंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के बेहलोट बायपास मार्ग पर पुलिया के पास लोगों द्वारा कचरा फेंके जाने से गंदगी का अंबार लग गया है। घरों की साफ-सफाई से निकला कचरा, पुराने कपड़े और अन्य अनुपयोगी सामान लोग सड़कों पर ही फेंक रहे हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर नगर पालिका की कचरा गाड़ियां रोजाना घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन करती हैं। इसके बावजूद आसपास के नागरिक घोर लापरवाही बरत रहे हैं। लोग दिन में तो कचरा नहीं फेंकते, लेकिन रात के अंधेरे में चुपके से पुलिया के पास कचरा फेंक जाते हैं। हवा चलने पर यही कचरा उड़कर पूरी सड़क पर फैल जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। सड़क पर पड़े कचरे के कारण आवारा जानवर भी वहां एकत्र हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। साथ ही गंदगी से बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों की आदतों के कारण अभियान को झटका लग रहा है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि पुलिया के पास कचरा फेंकने वालों पर निगरानी रखी जाए और जुर्माने की कार्रवाई की जाए। साथ ही वहां एक सूचना बोर्ड लगाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

आरएसएस के पथ संचलन में दिखा अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संगम

युवा समागम के अंतर्गत नगर में निकला भव्य पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार शाम के समय नगर में युवा समागम के अंतर्गत भव्य पथ संचलन निकाला गया। अनुशासन, एकरूपता और राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत इस संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। गणवेशधारी स्वयंसेवकों के कदमताल करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। जगह-जगह नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पथ संचलन से पूर्व सभी स्वयंसेवक मील रोड स्थित स्टेट तरण तारण जैन पाठशाला ग्राउंड पर एकत्रित हुए। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संचलन की व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद निर्धारित मार्ग के अनुसार घोष की धुन के साथ संचलन प्रारंभ हुआ। संचलन





स्टेशन मार्ग, नेहरू चौक, जयस्तंभ चौक से होते हुए आगे बढ़ा। इसके बाद सिटी मार्ग और पचमा बायपास मार्ग से गुजरते हुए वापिस पाठशाला ग्राउंड पहुंचा, जहां पथ संचलन का समापन हुआ। लगभग 3 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में पूरे समय अनुशासन और एकरूपता बनी रही। पथ संचलन का नगर में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जय स्तंभ चौक पर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नपा द्वारा स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक निर्धारित गणवेश सफेद शर्ट, खाकी पेंट, टोपी और दंड के साथ एक-दूसरे के पीछे कतारबद्ध होकर कदमताल करते हुए चल रहे थे। बाल स्वयंसेवक घोष वाद्य यंत्रों की धुन पर चलते हुए वातावरण में उत्साह और जोश का संचार कर रहे थे। स्वयंसेवकों का अनुशासन, समन्वय और एकरूपता लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर नागरिकों ने पथ संचलन का आत्मीय स्वागत किया। स्टेशन रोड, जयस्तंभ चौक और सिटी में कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा की गई। संचलन को देखने के लिए पूरे मार्ग पर बड़ी संख्या में नगरवासी खड़े रहे। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर थाना और देहात थाना के पुलिस अधिकारी एवं जवान भी पथ संचलन के साथ चल रहे थे। पुलिस की मौजूदगी में संचलन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

काला पठार स्थित शासकीय शाला में मना स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे मध्य प्रदेश स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से जन शिक्षक केपी लोधी एवं रविन्द्र रघुवंशी के मुख्य आथित्य मे मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ, इसके उपरांत मध्य प्रदेश गान गाया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुऐ शाला की पूर्व छात्रा कंचन अहिरवार ने मध्यप्रदेश की स्थापना पर प्रकाश डाला और कविता के माध्यम से छात्रों को मध्यप्रदेश का महत्व बताया कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है, हम सौभाग्यशाली है कि ऐसे महान देश भारत और मध्य प्रदेश में जन्मे हैं। प्रधानाध्यापक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि प्रदेश का 71 वां स्थापना दिवस मना रहा है, इसका गठन 1 नवम्बर 1956 को हुआ था। जिसकी राजधानी भोपाल को बनाया गया। मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रवि शंकर शुक्ल थे। कार्यक्रम को शिक्षक गोपाल दास अहिरवार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र, छात्राएं प्रिंस लोधी, राखी अहिरवार, संजू अहिरवार, आंकाक्षा चिढ़ार, आरूषी चिढ़ार, लक्ष्य लोधी, रिया अहिरवार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम उपरांत छात्रों को मिठाई वितरित की गई।

अस्पताल के गेट पर लग रहे ठेले मरीज, एंबुलेंस को हो रही परेशानी

गंजबासौदा। शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय के मुख्य द्वार के सामने लगे सब्जी और फलों के ठेलों के कारण आने-जाने वाले मरीजों और एंबुलेंस को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर के ठीक सामने सड़क पर अतिक्रमण होने से आवागमन बाधित हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल के सामने दर्जनों सब्जी और फल विक्रेताओं ने अपने ठेले लगा रखे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई आधी हो गई है। गंभीर मरीजों को लाने-ले जाने वाली



एंबुलेंस को भी निकलने में काफी दिक्कत होती है। कई बार जाम की स्थिति बनने से मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। पैदल आने वाले मरीज और परिजनों को भी ठेलों के बीच से निकलना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेला संचालक मनमानी कर रहे हैं और कई बार समझाइश के बाद भी मुख्य द्वार के सामने से नहीं हट रहे हैं। नगर पालिका और अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई बार हटाने की कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल के मुख्य गेट के सामने से अतिक्रमण हटाकर ठेलों के लिए अन्यत्र स्थान निर्धारित किया जाए, ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

बाहरी दीपों के साथ अंतर्मन में भी जलाएं ज्ञान का दीप:दीदी

गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थित सेवा केंद्र पर दीपावली के अवसर पर दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक ज्ञान, आत्मचिंतन, जीवन में सकारात्मकता और श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा भलावी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। जिस प्रकार अंधकार में मनुष्य रास्ता भटक जाता है, उसी प्रकार अज्ञानता के कारण मनुष्य दुख, भय और चिंता के अंधकार



में भटकता रहता है। इस अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने वाला सत्य ज्ञान का प्रकाश है। जब आत्मा में ज्ञान का दीप प्रज्वलित होता है, तभी जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का सवेरा आता है। यही वास्तविक दीपावली है, जो सतयुगी स्वर्णिम दुनिया के आगमन का संदेश देती है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि मिट्टी का एक साधारण दीपक जब तेल और बाती के साथ प्रज्वलित होता है तो पूजनीय बन जाता है। उसकी रोशनी को नमन किया जाता है और उसे साक्षी मानकर संकल्प लिए जाते हैं। दीपदान दूसरों को ज्ञान के माध्यम से ईश्वरीय मार्ग दिखाने का प्रतीक है। आतिशबाजी पुरानी आसुरी प्रवृत्तियों के विनाश का संदेश देती है। एसडीओपी शिखा भलावी ने दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम नई ऊर्जा, नई चेतना और कार्य करने की नई क्षमता का विस्तार करते हैं। समारोह में संस्था से जुड़े छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वाति राणा, अक्षिता, शिवांगी, अयाना, अनन्या एवं सनातन ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

दिन भर लगा रहा जाम, लोग हुए परेशान

गंजबासौदा। दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही नगर में चहल पहल बढ़ गई है। जिसके चलते विगत दो तीन दिनों से नगर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर दिन में कई बार जाम लगा, जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां उल्लेखनीय है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, बस, ट्रेक्टर, ट्राली, डंपर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही होती है। यातायात का अधिक दबाव होने से मार्ग पर वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित हुई। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, वाहन चालक जाम हटने के इंतजार में देर तक परेशान होते रहे।

स्वदेशी गौवंश का संरक्षण, गौ उत्पादों को बढ़ावा देना आवश्यक

रंग बिरंगे गोबर के दीपों से रोशन होंगे पांच हजार घर, आंगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दीपावली पर घर-आंगन रोशन करने के साथ स्वदेशी गौवंश के संरक्षण और गौ-उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश लेकर वेदांत आश्रम ने अनूठी पहल की है। जीवाजीपुर स्थित आश्रम में गाय के गोबर से 5 हजार दीपों का निर्माण कराया गया है। इन दीपों को आश्रम के विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किया है। विशेष सांचों से आकार देने के बाद विद्यार्थियों ने इन्हें रंग-बिरंगे रंगों से सजाकर आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है। आश्रम की यह पहल गौसेवा को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने के साथ स्वदेशी उत्पादों के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास के अभियान का हिस्सा है। आश्रम से ही आम नागरिक इन दियों को प्राप्त कर सकते हैं। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती द्वारा स्थापित इस आश्रम में दीपावली उत्सव को लेकर गोबर से दीप निर्माण का कार्य कराया गया है। आश्रम में डेढ़ सौ से अधिक गौवंश हैं। गौवंश से प्राप्त गोबर का सदुपयोग करते हुए आश्रम के ही विद्यार्थियों को इस कार्य से जोड़ा गया है। गोबर और मिट्टी के मिश्रण को विशेष सांचों की सहायता से दीपों का आकार दिया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता से उन्हें रंग-बिरंगा और आकर्षक स्वरूप दिया। आश्रम के विद्यार्थियों ने 5 हजार दीपों के



निर्माण और सजावट में सहभागिता की है । इस गतिविधि के माध्यम से उन्हें भारतीय हस्तकला, पारंपरिक उत्पादों और प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग की सीख भी मिल रही है। आश्रम का प्रयास है कि नई पीढ़ी स्वदेशी वस्तुओं के महत्व को समझे और भारतीय परंपराओं को आगे बढ़ाने में सहभागी बने। महंत ने नागरिकों से दीपावली पर गोबर से निर्मित स्वदेशी दीपों को अपनाने का आह्वान किया है। इच्छुक लोग जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम पहुंचकर सीधे यह रंग-बिरंगे दीप प्राप्त कर सकते हैं। महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि आज आवश्यकता है कि समाज स्वदेशी गौवंश के संरक्षण के प्रति जागरूक हो और गाय से प्राप्त होने वाले उत्पादों को अपने जीवन में स्थान दे। गोबर केवल गौशाला से निकलने वाला पदार्थ नहीं है, बल्कि इससे अनेक उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया जा सकता है। यदि समाज गौ-उत्पादों को अपनाएगा तो गौपालन और गौवंश के संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष महत्व है। इसलिए गौसेवा को केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न रखते हुए उसे आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ना जरूरी है।

बरेठ ब्रिज पर निकले सरिया बने मुसीबत

गंजबासौदा। ग्राम उदयपुर तक जाने वाले टू-लेन मार्ग पर ग्राम बरेठ मर्दाखेड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर बने ओवरब्रिज की लंबे समय से हालत खराब है। पुल पर कई जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें लगे लोहे की सरिए बाहर दिखाई देने लगे हैं। इससे हादसों की संभावनाएं बढ़ गई है और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।वाहन चालक संतोष सिंह ने बताया कि पुल पर कई गहरे गड्ढे हैं और उनमें लगे सरिए बाहर निकल आए हैं। उनके अनुसार, इनकी वजह से दोपहिया वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि गड्ढों के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। वाहन चालकों ने बताया कि पुल पर लंबे समय से गड्ढे बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने मध्यप्रदेश सरकार के ऑनलाइन ऐप और रेलवे अधिकारियों से कई बार शिकायत की। उनके अनुसार, शिकायत के बाद मरम्मत का काम शुरू हुआ, लेकिन गड्ढों को भरने के लिए ठीक से काम नहीं किया गया। उन्होंने मरम्मत की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

दुनिया का आध्यात्मिक ज्ञान का हृदय है मध्यप्रदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष सेमरी में कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के महत्व को रेखांकित करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्र वादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने मध्यप्रदेश को भारत का हृदय ही नहीं, आध्यात्म का हृदय भी कहा। उन्होने कहा मध्यप्रदेश का पूरी दुनिया मे अत्यधिक महत्वपूर्ण धार्मिक महत्व है। हमारे प्रदेश मे देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से 2 - महाकालेश्वर उज्जैन और ओंकारेश्वर मध्यप्रदेश में स्थित हैं। माँ नर्मदा और शिप्रा, मां वेतवा, चंबल जैसी पवित्र नदियों का उद्गम और प्रवाह प्रदेश को पवित्र बनाता है। उज्जैन के महाकाल, मैहर की शारदा, चित्रकूट के रामघाट के साथ ही भोपाल की ऐतिहासिक ताज-उल-मस्जिद- जो एशिया की सबसे बड़ी मस्जिदों में से



एक है, यहाँ की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। सांची का विश्व प्रसिद्ध स्तूप और सोनागिरि, कुण्डलपुर जैसे जैन तीर्थ भी इसी भूमि पर हैं तो ग्राम उदयपुर मे सिख धर्म संस्थापक गुरूदेव गुरूनानक जी के चरण चिन्ह मौजूद है तो हस्तलिखित गुरुवाणी गंज बासौदा में ही आज भी सुरक्षित मौजूद है। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की अलौकिक संस्कृति पर आधारित पोस्टर भी दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र आदर्श लोधी, अंशुल पंथी, अध्यक्ष ऋषिराज लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश में सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बच्चों ने राष्ट्र भक्ति के तराने गाकर मध्यप्रदेश दिवस मनाया। इसी तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई एवं रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ लगाकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का पैगाम दिया गया।

4 नवंबर के आयोजन में शामिल होने को लेकर संगठन में अलग-अलग विचार

चल समारोह को लेकर कुर्मी क्षत्रिय संगठन में मतभेद, आमने-सामने आए वरिष्ठ और युवा

युवाओं ने फिजूलखर्ची का किया विरोध, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए खुलेगा 'सरदार पटेल इंस्टीट्यूट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में सामाजिक बदलाव और आयोजनों को लेकर वरिष्ठों व युवाओं के बीच विचारों का अंतर सामने आया। जहां वरिष्ठ पदाधिकारियों ने 4 नवंबर को प्रस्तावित चल समारोह में अधिक से अधिक समाजजनों से शामिल होने की अपील की, वहीं युवा संगठन ने आयोजनों पर होने वाली फिजूलखर्ची के बजाय शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य पर संसाधन खर्च करने की बात कही।

समदपुर बालाजी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान युवा संगठन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए क्षेत्र में सरदार पटेल इंस्टीट्यूट शुरू करने का संकल्प लिया। समाज के राजेश पटेल ने कहा कि संस्थान में सभी जाति और वर्गों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा। समाज को अनावश्यक खर्चों से बचाकर शिक्षा और युवाओं के भविष्य में निवेश करना चाहिए। वहीं, कुर्मी क्षत्रिय संगठन के जिला अध्यक्ष भैरू सिंह कुर्मी ने 4 नवंबर को प्रस्तावित चल समारोह में शामिल होने का आमंत्रण देते हुए कहा कि कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ऐसे आयोजन में युवा संगठन की भागीदारी नहीं होना सामाजिक स्तर पर विचारणीय विषय होगा। इस पर युवा ब्लॉक अध्यक्ष महेश पटेल ने कहा कि केवल शोभायात्राओं और दिखावे से समाज की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। चंदे और सामाजिक सहयोग की राशि का उपयोग विद्यार्थियों, जरूरतमंदों और रचनात्मक कार्यों में होना चाहिए। युवा संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता को प्राथमिकता देगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरियाब सिंह कुर्मी सहित लखन पटेल, बलवीर पटेल, रामचरण कुर्मी, लेखराज कुर्मी, रामेश्वर पटेल, देवेंद्र कुर्मी, नवल कुर्मी, राधारमण गौर, उत्तम पटेल, राकेश कुर्मी, होतम कुर्मी, ओमप्रकाश कुर्मी, महेश कुर्मी, रवि कुर्मी, फूलसिंह और अभय कुर्मी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अब 4 नवंबर के आयोजन पर टिकी निगाहें

सरदार भाई पटेल जयंती पर उठा यह मुद्दा अब चल समारोह में शामिल होने तक सीमित नहीं है। वरिष्ठ जहां सामाजिक एकजुटता के लिए आयोजन को जरूरी मान रहे हैं, वहीं युवा शिक्षा और सामाजिक बदलाव को प्राथमिकता देने की बात कर रहे हैं। ऐसे में 4 नवंबर का चल समारोह संगठन के भीतर चल रहे वैचारिक मतभेद की तस्वीर भी स्पष्ट करेगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर एलबीएस पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित



सिरोंज। शासकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।
महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लाल चंद्र राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं एकता का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। एनसीसी प्रभारी डॉ. शिव कुमार यादव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, देशभक्ति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना अपनाने का संदेश दिया। एनएसएस प्रभारी प्रो. महेश चंद्र परमार ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना रहा।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए कांग्रेस कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रहे वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अतीक मंसूरी सहित अन्य कांग्रेसजन दिल्ली के लिए रवाना हुए। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न का नारा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनता के मताधिकार के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का वोट बेहद महत्वपूर्ण है और उसकी निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसी संदेश को लेकर कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर देशभर के कार्यकर्ता एकजुट होकर दिल्ली पहुंच रहे हैं। देवपुर से रवाना हुए देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के संकल्प को मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और जोश नजर आया।

प्रशासन और व्यापारियों के समन्वय से सिरोंज मंडी में रिकॉर्ड आवक

सिरोंज। सिरोंज कृषि उपज मंडी में इन दिनों रिकॉर्ड तोड़ आवक हो रही है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने प्रशासन के सहयोग से डबल नीलामी का संचालन कर सराहनीय पहल की। भारी आवक के बावजूद मंडी में नीलामी कार्य पूरे दिन सुचारू रूप से जारी रहा। एक ही दिन में मंडी में करीब 35 हजार क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई, जिसमें लगभग 30 हजार क्विंटल मक्का शामिल रहा। किसानों की उपज का समय पर विक्रय सुनिश्चित करने के लिए सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक एलबीएस परिसर में नीलामी हुई। वहीं बेगमबाग परिसर में सोयाबीन, चना एवं अन्य जिंसों की नीलामी जारी रही। इसके बाद दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक पुनः डबल नीलामी संचालित की गई।

स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर निकले सुभाष एवं गणेश बस्ती के पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर योजना के अंतर्गत सिरोंज में सुभाष बस्ती एवं गणेश बस्ती के साथ बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों एवं बाल स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में बासौदा जिले के जिला सह कार्यवाह पहलवान सिंह बघेल का उद्बोधन हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में बाहरी शक्तियों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक देश में अराजकता का वातावरण निर्मित करने तथा युवा पीढ़ी को भ्रमित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में समाज को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को समझने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इनमें मातृभूमि के प्रति प्रेम, विश्वास और समर्पण का भाव समाहित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षों से राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से समाज और युवाओं को संगठित करने का कार्य कर रहा है। आयोजन के अंतर्गत पहला पथ संचलन मंगल भवन से प्रारंभ होकर लिंक रोड, बजरिया एवं बासौदा नाका होते हुए पुनः मंगल भवन पहुंचकर संपन्न हुआ। वहीं दूसरा पथ संचलन गंगा बाई स्कूल से प्रारंभ होकर गणेश पथ, रावजी पथ, सिनेमा चैराहा एवं चांदनी चैक होते हुए पुनः गंगा बाई स्कूल पहुंचकर संपन्न हुआ। दूसरे संचलन के दौरान नगर प्रचारक काशी जी का बौद्धिक प्राप्त हुआ। पूरे आयोजन में स्वयंसेवकों का उत्साह एवं अनुशासन देखने को मिला।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हईराम यादव का निधन



सिरोंज। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव के पिता एवं वरिष्ठ समाजसेवी कन्हईराम यादव का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। इस दुखद अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के अधिमान्य पत्रकार एवं एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने स्वर्गीय कन्हईराम यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि कन्हईराम यादव एक वरिष्ठ समाजसेवी होने के साथ-साथ कांग्रेस के वरिष्ठ एवं समर्पित नेता थे। उन्होंने अपना जीवन समाजसेवा और आम नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष करते हुए व्यतीत किया। क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर उन्होंने अनेक आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार संघर्ष करते हुए आमजन की आवाज को बुलंद किया। वे सदैव गरीबों, जरूरतमंदों और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे।

भारतीय संस्कृति व राष्ट्रहित के संदेश के साथ निकला संघ का पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला विदिशा के महाविद्यालयीन युवा कार्य की ओर से रविवार को नगर में पथ संचलन निकाला गया। एसएसएल जैन महाविद्यालय मैदान से शाम 4:30 बजे शुरू हुए संचलन में पूर्ण गणवेश में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संचलन शाम 6:30 बजे महाविद्यालय मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर संघचालक विनीत अग्रवाल, जिला कार्यवाह गुलाब सिंह कुशवाह और मुख्य वक्ता विदिशा विभाग सह प्रचारक शिवांशु उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने युवाओं से भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को जीवन में व्यवहार के स्तर पर अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा दुनिया के किसी भी देश में जाएं, लेकिन अपनी भाषा, वेशभूषा और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहें। उन्होंने संघ की स्थापना, उसकी शताब्दी यात्रा और समाज जागरण के लिए चलाए जा रहे पंच परिवर्तन के कार्यों का उल्लेख किया।

युवाओं से सामाजिक समरसता बनाए रखने, जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने और अपनी क्षमताओं का उपयोग देश के विकास में करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करने की दिशा में भी प्रयास करें। डिजिटल माध्यमों पर विचार रखते हुए उन्होंने मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक विचारों, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रहित के संदेश प्रसारित करने में करने की बात कही। पथ संचलन एसएसएल जैन महाविद्यालय से शुरू होकर माधव उद्यान, अस्पताल रोड, कांच मंदिर, माधवगंज, तिलक चौक, कागदीपुरा, नीमताल और ब्लॉक कॉलोनी से वापस मैदान पहुंचा।

स्वस्थ पुलिसकर्मियों से बेहतर पुलिसिंग का संकल्प, जिलेभर के थानों में योग व ध्यान

100 दिन से लंबित शिकायतों के निराकरण और साइबर अपराधों पर भी दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस ने रविवार को जिलेभर में 'प्रत्येक रविवार–थाना परिवार' पहल के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। जिले के सभी थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में हुए कार्यक्रमों में योग-ध्यान, स्वास्थ्य, अनुशासन और जनसेवा को प्राथमिकता दी गई।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हार्टफुलनेस टीम के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग, प्राणायाम, रिलेक्सेशन और सामूहिक ध्यान किया। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रखते हुए बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। साथ ही स्वच्छता और कार्यस्थलों को व्यवस्थित रखने पर भी जोर दिया गया।

लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा

कार्यक्रम के दौरान अपराध, मर्ग और चालान से जुड़े लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मामलों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। विवेचना में ई-साक्ष्य के प्रभावी उपयोग और साइबर अपराधों में कानूनी प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं 100 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर हेल्थ प्रोफाइल तैयार करने, थाना अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण और कार्यालयीन व्यवस्थाओं में सुधार पर भी जोर दिया गया। पुलिस का मानना है कि स्वस्थ और तनावमुक्त पुलिस बल से ही बेहतर पुलिसिंग और आमजन को संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी।

घने कोहरे की चपेट में आया शहर, विजिबिलिटी 50 मीटर तक गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सुबह 9 बजे तक दृश्यता घटकर करीब 50 मीटर रह गई। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने का रास्ता साफ नहीं दिख रहा था। ऐसे में उन्होंने हेडलाइट जलाकर धीमी रफ्तार से सफर किया।

बारिश और ठंडी हवाओं से बदला मौसम

पिछले कुछ दिनों से विदिशा में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अर्नब तूफान के असर से हुई हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आई है। गुरुवार से आसमान में बादल छाने के साथ रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। रात के तापमान में गिरावट के बाद सुबह कोहरा छाने लगा। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण मैदानी क्षेत्रों में भी ठंडी हवाएं चल रही हैं। इसका असर विदिशा के मौसम पर भी दिखाई दे रहा है।



चार दिन बारिश और गरज-चमक के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले चार दिनों तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रह सकता है। इससे तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड बढ़ने की संभावना है।

आने वाले दिनों में सुबह और रात का तापमान और गिर सकता है। कम दृश्यता के कारण कोहरे में सड़कों पर हादसों का खतरा बढ़ जाता है। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलने, रफ्तार धीमी रखने और आगे चल रहे वाहनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।

50 से अधिक साहित्यप्रेमियों की मौजूदगी में हुआ आयोजन

25 लघुकथाओं में संजोए जीवन के विविध रंग 'अनुभूतियों के आईने में' पुस्तक का विमोचन

लेखिका के संस्मरणों और अनुभवों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



साहित्य, संवेदनाओं और आत्मीय स्मृतियों के बीच डॉ. नीरज कन्नौजिया के द्वितीय पुस्तक एवं लघुकथा संग्रह 'अनुभूतियों के आईने में' का विमोचन होटल रॉयल पैलेस में हुआ। समारोह में 50 से अधिक साहित्यप्रेमियों, परिजनों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। आयोजन औपचारिक पुस्तक विमोचन से आगे बढ़कर आत्मीय साहित्यिक मिलन में बदल गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार एवं इतिहासकार गोविंद देवलिया ने की। मुख्य अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य एवं लेखिका डॉ. कमल चतुर्वेदी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीता सक्सेना और समाजसेवी डॉ. अतुल शाह मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुदीप शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर डॉ. नीरज कन्नौजिया ने कहा कि लिखना उनके लिए केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि मनुष्य के मन से मन तक पहुंचने की संवेदनशील यात्रा है। शब्द जब हृदय से निकलते हैं तो पाठकों के अंतर्मन में जगह बनाते हैं। डॉ. अतुल शाह और डॉ. कमल चतुर्वेदी ने भी संग्रह की विषयवस्तु और लेखन के भावनात्मक पक्ष पर विचार रखे। उपस्थित लोगों ने लेखिका से जुड़े संस्मरण और व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। कई अवसरों पर माहौल भावुक भी हुआ। इस तरह समारोह साहित्य के साथ रिश्तों और आत्मीयता की यादगार शाम बन गया।

लघुकथाओं में उभरे रिश्तों और संवेदनाओं के प्रसंग

संग्रह में शामिल 25 लघुकथाओं में जीवन के विभिन्न पड़ावों, रिश्तों की जटिलताओं, सामाजिक परिस्थितियों, स्मृतियों और मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया गया है। लेखिका ने अपने आसपास के परिवेश और लोगों से जुड़े अनुभवों को कहानियों का रूप दिया है। वक्ताओं ने कहा कि साहित्य जीवन के अनुभवों और भावनाओं को समझने का सशक्त माध्यम है।

कुरवाई में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ कार्यक्रम के अंतर्गत कुरवाई नगर के पटेल लैंडमार्क में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद लता वानखेड़े कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे उपस्थित रहे। सम्मेलन में विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिकों सहित चिकित्सक, अभिभाषक संघ के सदस्य एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य वक्ता सांसद लता वानखेड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकतंत्र, देश की एकता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर विचार रखे। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे एवं भाजपा जिला महामंत्री रवि सोनी ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कांग्रेस एवं विपक्षी दलों की राजनीतिक गतिविधियों और उनके द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर अपनी बात रखते हुए नागरिकों एवं युवाओं से लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति सजग रहने तथा देशहित के विषयों पर जागरूकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

छात्राओं के चक्काजाम और संगठनों के ज्ञापनों के बाद भी कार्रवाई न होने से पुलिस-आबकारी विभाग पर उठे सवाल

सियरमऊ की शराब दुकान से आदिवासी अंचल तक एजेंट पहुंचा रहे मदिरा, प्रशासन कार्रवाई करने में बरत रहा कोताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

तहसील के सियरमऊ अंचल में अवैध मदिरा का कारोबार दिन दूनी रात चौगुनी गति से फैल रहा है। गांव-गांव अवैध शराब की बिक्री होने और इसकी जानकारी जिम्मेदार विभागों तक पहुंचने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होना पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

जानकारी के अनुसार स्टेट हाईवे-15 पर स्थित ग्राम सियरमऊ की शासकीय शराब दुकान से एजेंट द्वारा आदिवासी अंचल के अनेक गांवों तक शराब पहुंचाकर बिक्री कराने की शिकायतें सामने आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि शराब दुकान के पास ही बालिका छात्रावास संचालित है। शराब दुकान को हटाने बीते दिनों जनविश्वास शिविर में छात्राओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। जब ज्ञापन पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो छात्राओं ने मांग मनवाने हाईवे पर चक्काजाम भी किया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन आश्वासन के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी कई बार ज्ञापन सौंपकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने और शराब माफियाओं पर कार्रवाई की मांग की जा चुकी है। महिलाओं द्वारा भी गांवों में शराब बिक्री बंद कराने आंदोलन किए। इसके बावजूद हालात में सुधार नहीं होना प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

मामले को और गंभीर बनाने वाला तथ्य यह है कि बीते दिनों सिलवानी पुलिस ने एक ऑल्टो कार से अवैध देशी शराब की 7 पेटियां जब्त कर दो युवकों को हिरासत में लिया था। पूछताछ में युवकों ने जब्त शराब सियरमऊ स्थित शराब दुकान से लाना बताया था। इसके बाद भी यदि गांव-गांव अवैध शराब की आपूर्ति और बिक्री की शिकायतें जारी हैं तो पुलिस और आबकारी विभाग की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

ग्रामों में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। ग्रामों में चौपाल भी लगाई जाकर ग्रामीणों को जागरुक किया जाएगा। अवैध शराब जब्ती के मामले में जांच की जा रही है। जांच में आए तथ्यो के आधार पर आरोपियो पर कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी।

- **आशुतोष गुप्ता,** एसडीओपी सिलवानी।



आखिर पुलिस क्यों नहीं कर रही कार्रवाई

अब सवाल यही है कि अल्टो कार में सवार आरोपियो ने अवैध शराब जब्ती मामले में पुलिस को पूछताछ में सियरमऊ शराब दुकान से शराब लाए जाने की बात कबूली थी। बावजूद भी पुलिस ने दुकान संचालक को आरोपी ना बना कर मात्र कार में सवार युवको पर ही आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर मामले की इतिश्री कर ली। जबकि क्षेत्र के लोग निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाही की मांग कर रहे है। पूर्व में भी जब्त अवैध शराब को लेकर भी पुलिस ने दुकान संचालको पर कार्रवाही करना मुनासिब नही समझा। जिससे पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध देखी जाती रही है।

जवाबदेही तय करने की जरूरत

सियरमऊ में अवैध शराब का कारोबार केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों, महिलाओं, युवाओं और छात्राओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर सामाजिक संकट है। ऐसे में पुलिस, आबकारी विभाग और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे मामले की जांच करानी चाहिए। शराब दुकान से शराब की आपूर्ति, बिक्री के रिकॉर्ड, एजेंटों की भूमिका और अवैध बिक्री के ठिकानों की जांच होनी चाहिए। साथ ही पुलिस और आबकारी विभाग की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब ग्रामीण, महिलाएं, छात्राए, सामाजिक संगठन लगातार आवाज उठा रहे हैं, तब भी अवैध शराब का कारोबार कैसे फल-फूल रहा है, आखिर प्रशासन किस कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

बजरंग दल ने एक सुर में कहा - बंद हो अवैध शराब बिक्री

इनका कहना है

- गांव-गांव अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए संगठन विधानसभा क्षेत्र के गांवों तक पहुंच रहा है। बंडा और देवास की भीषण घटनाओं के बाद भी प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाना चिंताजनक है। शराब के कारण क्षेत्र में भी लगातार मौतें हो रही हैं और जनता में भारी असंतोष है।

  - **कमल राजपूत,** जिला अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल।

- संगठन हनुमान चालीसा केंद्रों और सत्संग मंडलों के माध्यम से घर-घर जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस व आबकारी विभाग के ढुलमुल रवैए के कारण गांवों में अवैध शराब की बिक्री नहीं रुक पा रही है।

  - **हर्ष लोधी,** जिला संयोजक, बजरंग दल।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में मनाया मध्यप्रदेश का 71वां स्थापना दिवस समारोह

हमें एकजुट होकर मध्यप्रदेश को विकसित व समृद्ध प्रदेश बनाना होगा : राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को 71वां मप्र स्थापना दिवस का गरिमामय समारोह चिड़िया टोल वन परिसर में आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिपं अध्यक्ष यशवंत सिंह बबलू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, कलेक्टर रोहित सिसोनिया, प्रभारी एसपी अंकित जायसवाल, एडीएम मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, डिप्टी कलेक्टर रोहित लोधी, जिपं सीईओ कमल सोलंकी, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजयुमो महामंत्री राजेंद्र राज मीणा मंचासीन रहे।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को मैं हृदय से नमन करता हूं। प्रदेश में जात पात का बंधन नहीं होना चाहिए और हरियाली का विस्तार चिंता हमारी सरकारों ने की है। यही वजह है कि प्रदेश में धरती और प्रकृति को हरियाली खुशहाली मिल रही है। मिनी भारत मध्यप्रदेश बन चुका है। इंडस्ट्रीज विस्तार विकास कार्यों को निरन्तर गति मिलने से विकसित राज्य की ओर अग्रसर हो रहा है हमारा मध्यप्रदेश।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे मप्र के सामने भी कई चुनौतियां हैं उनका सामना मिलजुलकर करना होगा। हमें अब एकजुट होकर मध्यप्रदेश को विकसित और समृद्ध प्रदेश बनाना होगा।

◆ स्वाभिमान पर्व क्विज के विजेताओं को मिले ट्रैक्टर, बुलेट और ई-स्कूटी





छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति और मध्यप्रदेश की संस्कृति, धरोहरों और वैभव पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। जिन्होंने सभी का मनमोह लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा म्हारो प्यारो मध्यप्रदेश... आयो रे शुभ दिन आयो रे..., पन्ना का हीरा, पानागर का पान....., आदिवासी जंगल रखवाला रे... और लोकगीतों पर समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही छात्राओं द्वारा मप्र, गुजरात, पूर्वी निमाड़, राजस्थान के परिधानों से सज धज कर मारो टूटी गए बाजू बंध कान्हा होली में... पर समूह नृत्य किया।

विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल और प्रदर्शनी

स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल तथा विधायक डॉ चौधरी ने अन्य अतिथियों के साथ समारोह स्थल पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, सहकारी बैंक, स्कूल शिक्षा, आयुष विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल और प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

स्वाभिमान पर्व क्विज के विजेता किसान पुरस्कृत

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में अतिथियों द्वारा सिकान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज 2026 के जिले के विजेता किसानों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर ग्राम महुआखेड़ा निवासी सत्मेश बघेल को प्रथम पुरस्कार में ट्रेक्टर, ग्राम उदयपुरा निवासी सदशिव पाठक को द्वितीय पुरस्कार में बुलेट बाइक तथा तृतीय स्थान पर रहे ग्राम अनहोरी निवासी बब्लू शर्मा को ई-स्कूटी प्रदान की जा रही है। सभी विजेताओं को उक्त पुरस्कार सामग्री की राशि डीबीटी से बैंक खाते में डाली जा रही है।

पीएम के नेतृत्व में देश के साथ मप्र भी अग्रसर

विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने मप्र स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 2047 तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनेगा। वह दुनिया का सिरमौर बनेगा। सांदीपनी आश्रम उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण बलराम ने शिक्षा दीक्षा ली। एमपी में सांदीपनी स्कूल बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उद्योग समिट में बड़े उद्योगपतियों को बुलाकर उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्यटन की दृष्टि से चीता संरक्षण, घड़ियाल पार्क, तितली पार्क विकसित किए जा रहे है। भारत विकास के पथ पर निरंतर आगे लगातार बढ़ रहा है। मप्र के गौरवशाली इतिहास वर्तमान की उपलब्धियों और भविष्य की विकास योजनाओं का उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा कि मप्र विकास के पथ पर निरंतर तरक्की कर रहा है। मप्र में 6 मेडिकल कॉलेज है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज बढ़ाए जा रहे हैं। युवाओं को रोजगार भी दिया जा रहा हैं।

कार्यक्रम को नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा ने भी संबोधित किया।

शहर के प्रमुख मार्गो से अनुशासित होकर पूर्ण गणवेश धारण कर निकले स्वयं सेवक, लोगों ने किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में निकाला विशाल पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर 101वे वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में जिले भर की बस्तियों में पथ संचलन निकाले गए, इसके पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर जिलेभर से आए स्वयंसेवकों का विशाल पथ संचलन निकाला गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में स्वयं सेवक पूरे अनुशासन के साथ पूर्ण गणवेश धारण कर शामिल हुए।

बता दें कि उक्त युवा पथ संचलन शहर के सागर मार्ग स्थित स्थित कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान से प्रारंभ हुआ जिसमें जिले भर के स्वयं सेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए। निर्धारित रूट के अनुसार युवा पथ संचलन सागर मार्ग, मुखर्जी नगर चौराहा, विजली घर के सामने से होकर पाटन देव स्थित श्री हनुमान मंदिर पहुंचा जहां से युवा पथ संचलन वापसी करते हुए इसी क्रम में सागर मार्ग से होकर भोपाल सागर तिराहा, महामाया चौक, माता मंदिर चौराहा से होकर प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस कन्या हायर सेकंडरी स्कूल खेल मैदान पर बौद्धिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।

पथ संचलन के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी और पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे समय मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ और सभी स्वयंसेवको ने बौद्धिक भाषण सुना पथ संचलन में सर्वाधिक संख्या युवा स्वयं सेवकों की देखी गई, वहीं बड़ी उम्र के स्वयंसेवक भी पूरे उत्साह के साथ पथ संचलन में कदम से कदम ताल मिलाकर चलते हुए दिखाई दिए। निकाले गए युवा पथ संचलन का नगर में अनेक स्थानों पर धर्म प्रेमियों द्वारा फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया।

खेत में अचानक पलटा ट्रैक्टर, नीचे दबने से किसान की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बरेली



थाना बरेली क्षेत्र के ग्राम अलीगंज में खेत में कृषि कार्य करते समय एक दर्दनाक हादसे में किसान की जान चली गई। खेत में ट्रैक्टर चला रहे किसान का अचानक ट्रैक्टर पलट गया। किसान ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम अलीगंज निवासी किसान इंद्र सिंह (उम्र 62 वर्ष) खेत में ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहे थे, इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और इंद्र सिंह नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बरेली सिविल अस्पताल भेजा। बाद में अलीगंज श्मशान घाट पर परिजनों द्वारा उसका दाह संस्कार कर दिया गया है।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत की संगोष्ठी

सत्ता की चाह में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर झूठ गढ़ रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ - अराजकता हटाओ अभियान' में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में विशेष संगोष्ठी एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा विशेष अतिथि रहे। सम्मेलन में उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडलों से आए प्रमुख नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ भाजपा



नेताओं, व्यापारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रमुख नागरिकों से संवाद भी किया गया।

संगोष्ठी का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा अराजकता के विरुद्ध जनजागरण को लेकर विचार-विमर्श करना रहा।

मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने उद्बोधन में कहा कि उदयपुरा विधानसभा के बरेली जैसे प्रबुद्ध नागरिकों के क्षेत्र में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करना अपने आप में विशेष अनुभव है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए उसका दुरुपयोग किया। जिस कांग्रेस ने अपने शासनकाल में संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान किया, वही आज सत्ता प्राप्ति की छटपटाहट में नए-नए झूठ गढ़कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

पथ संचलन : अनुशासित कदमताल के साथ नगर में निकले स्वयं सेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को नगर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का शुभारंभ बारना कॉलोनी स्थित बाल मंदिर प्रांगण से हुआ। यहां से स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। पथ संचलन चिंतामणि चौराहा, मंगलवार बाजार होते हुए बाड़ी कलां की बस्ती से निकला और अंत में आदिवासी आश्रम परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ। नगर के विभिन्न मार्गों पर स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह पथ संचलन का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बौद्धिक वक्ता सुरेन्द्र रघुवंशी, सह जिला कार्यवाह जिला बरेली खंड संघचालक नरेश रघुवंशी खंड उपस्थित रहें। नगर भ्रमण के पश्चात आदिवासी आश्रम में पथ संचलन का समापन हुआ।

कलेक्टर सिसोनिया ने व्यापारियों और उद्यमियों से किया सीधा संवाद

अतिक्रमण, सड़क चौड़ीकरण और औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुखता से उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत किसान भवन बरेली में कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने क्षेत्र के उद्यमियों, व्यापारियों के साथ नगर की समस्याएं, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, औद्योगिक विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की। व्यापारियों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में व्यापारियों ने नगर में पार्किंग व्यवस्था की कमी और लगातार बढ़ते अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों का कहना था कि पुराने बाजार सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं। पूर्व व्यापारी महासंघ अध्यक्ष बृज राय, हीरेंद्र मालवीय, दीपक चांडक एवं अमित चंदेल सहित अन्य व्यापारियों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर सड़कों का चौड़ीकरण कराने और व्यवस्थित पार्किंग विकसित करने की मांग रखी। कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने एसडीएम अंकित जैन को निर्देशित किया कि वे नगर का भ्रमण कर समस्याओं का विस्तृत मैप तैयार करें। उन्होंने आश्वस्त दिया कि वे स्वयं बरेली आकर मौके का निरीक्षण करेंगे तथा नगर परिषद और पुलिस प्रशासन के सहयोग से समस्याओं के स्थायी निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।

पीएम की वोकल फॉर लोकल अपील से स्थानीय कारीगरों में उत्साह

दीपावली पर्व: दीये और श्रीलक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बनाने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही क्षेत्र में त्योहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। दुकानदारों से लेकर मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और सजावटी सामान बनाने वाले कारीगरों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगर इन दिनों दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। कोई चाक पर दीये तैयार कर रहा है तो कोई उन्हें सुखाने और रंग-रोगन करने में जुटा हुआ है। वहीं लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों को अंतिम रूप देने का काम भी तेजी से चल रहा है। कारीगरों की कोशिश है कि दीपावली से पहले अधिक से अधिक दीये और मूर्तियां तैयार कर बाजार तक पहुंचाई जा सकें, ताकि त्योहार में ग्राहकों को उनकी जरूरत का सामान आसानी से मिल सके।

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीपावली से पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों से 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को मजबूत करने की अपील किए

स्वदेशी उत्पादों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद



जाने से स्थानीय कारीगरों में भी नई उम्मीद जगी है। प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों को खरीदने और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। इससे मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को उम्मीद है कि लोग दीपावली पर चाइनीज झालरों और अन्य कृत्रिम सजावटी सामान के साथ-साथ पारंपरिक मिट्टी के दीयों को भी प्राथमिकता देंगे।

दौलत राम प्रजापति, फूल सिंह, अमन सिंह, प्रताप सिंह अंबाड़ी निवासी हल्के राम प्रजापति, अमन प्रजापति, राहुल प्रजापति, छोटू प्रजापति सहित अन्य कलाकारों ने बताया कि उनका परिवार कई वर्षों से मिट्टी की लक्ष्मी जी, दिया सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाने का काम साल भर चलता है। हमारा पुश्तैनी काम है जो बरसों से करते चले आ रहे हैं।

कारीगरों का कहना है कि मिट्टी के दीये केवल रोशनी का साधन नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और संस्कृति का प्रतीक हैं। इनकी खरीदारी से स्थानीय कुम्हार परिवारों को रोजगार मिलता है और वर्षों पुरानी पारंपरिक कला भी जीवित रहती है। त्योहार के इस मौसम में होने वाली बिक्री से उनके परिवारों की आजीविका भी जुड़ी हुई है।

दीपावली पर घर-आंगन को मिट्टी के दीयों से रोशन करने की परंपरा आज भी कायम है। ऐसे में स्थानीय कारीगरों को उम्मीद है कि इस बार लोग स्वदेशी उत्पाद अपनाकर 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को सार्थक करेंगे। इससे एक ओर दीपावली की पारंपरिक चमक बरकरार रहेगी।